प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 22.03.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भूटान पहुंचे, भूटान के राजा और प्रधानमंत्री से मुलाकात के साथ–साथ विभिन्न कार्यक्रमों में ले रहे हैं हिस्सा।
2. चुनाव आयोग ने झारखंड में लोकसभा चुनाव के दौरान धन–बल के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए निगरानी टीम का किया गठन।
3. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने दोबारा इस्तेमाल होने वाले प्रक्षेपण यान पुष्पक का आज किया सफल परीक्षण।
4. झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड– जेबीवीएनएल ने होली के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर जारी किया निर्देश, गुमला चैंबर ने विभाग को परेशानियों से कराया अवगत।
5. विश्व जल दिवस के अवसर पर लोगों को स्वच्छ जल के महत्व की जानकारी देने और जल संकट से बचने के लिए चलाया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भूटान की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर पारो एयरपोर्ट पहुंचे। जहां भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने हवाईअड्डे पर श्री मोदी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। प्रधानमंत्री भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मुलाकात करेंगे। श्री मोदी भूटान के प्रधानमंत्री के साथ भी बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री भूटान की राजधानी थिम्पू में मातृ एवं शिशु अस्पताल का उद्घाटन भी करेंगे। यह अत्याधुनिक अस्पताल भारत की सहायता से बनाया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की यह यात्रा भारत और भूटान के बीच परंपरा के निर्वहन और सरकार की पड़ोसी प्रथम नीति के अनुरूप है।

*********************

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर चुनाव आयोग, धन बल के इस्तेमाल पर रोक लगाने की पूरी निगरानी रख रहा है। चुनाव आयोग के दिशा–निर्देश पर झारखंड में विशेष उपाय किए गए हैं। इस संबंध में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। किसी उम्मीदवार या उनके समर्थकों के द्वारा वोट के लिए कोई प्रलोभन या धमकी दी जाती है तो यह दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि आयोग शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। चुनाव आयोग के निर्देश पर एयरपोर्ट, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के आवागमन पर नजर रखने के लिए एक टीम गठित की जा रही है। टीम में आयकर विभाग, कमर्शियल टैक्स विभाग के साथ–साथ जिला प्रशासन और चुनाव आयोग के अधिकारी होंगे।

*********************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने दोबारा इस्तेमाल होने वाले प्रक्षेपण यान पुष्पक का आज सुबह परीक्षण किया। कर्नाटक में चित्रदुर्ग के पास चल्लकेरे में होने वाले परीक्षण के दौरान इसकी सफल लैंडिंग करायी गयी। यह 2030 में भारतीय स्पेस स्टेशन पर कार्गो और सैटेलाइट्स ले जाने का काम करेगा। हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे के समय इसका नाम पुष्पक रखा गया था।

*********************

गुमला का जिला विज्ञान केंद्र अब आस पास के जिलों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। पड़ोसी जिलों के विभिन्न विद्यालयों से विद्यार्थियों का समूह भ्रमण के लिए जिला विज्ञान केंद्र पहुंच रहे हैं। एक दिन पूर्व खूंटी जिले से लगभग 200 छात्र–छात्राओं तथा शिक्षकों की टीम शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंची। उपायुक्त के निदेश पर सहायक नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह ने सभी बच्चों को विज्ञान केंद्र का भ्रमण कराया।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

********************

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड– जेबीवीएनएल ने होली के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर निर्देश जारी किया है। जेबीवीएनएल ने सभी आपूर्ति कार्यालयों को कहा है कि राज्य में होली समेत गर्मी के दौरान बिजली उपभोक्ताओं को बिजली की किल्लत का सामना न करना पड़े, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। इधर गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से चिहिन्त जगहों पर जर्जर तार बदलने और झूलते हुए तारों को ठीक कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि हाल के दिनों में बिजली करंट से कई पशुओं समेत लोगों की मौत हुई है। अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारियों को विभाग की ओर से समय पर बिजली बिल उपलब्ध नहीं कराया जाता है और एक साथ मोटी रकम का बिल दे दिया जाता है। गुमला चैंबर ने बिजली विभाग से होली त्योहर के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की है।

********************

लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गुमला जिले में राज्य के पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने विधि–व्यवस्था के दृष्टिकोण से की गई तैयारी की कल समीक्षा मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउंड बाईट– नरेश जायसवाल, गुमला– 45 सेकेंड

********************

पलामू जिले के पड़वा थाना क्षेत्र में आज झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में चार अपराधियों ने पांच लाख रूपये लूट लिया। जानकारी के अनुसार ब्रांच के खुलते ही अपराधी ग्राहक के रूप में प्रवेश किये। घटना के बाद पड़वा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच कर रही है।

********************

गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में आज सुबह महुआर के पास एक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक मोटरसाईकिल पर दोनों युवक पढ़ने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर एक ट्रक से टकरा गई जिसमें दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पंकज पंडित और सुभाष पंडित के रूप में हुई है।

********************

पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने होली को लेकर सिदगोड़ा टाउन हॉल में कल केंद्रीय शांति समिति के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त अनन्य मित्तल ने युवाओं को नसीहत देते हुए कहा कि नशा पान नहीं करें, तेज गति से वाहन न चलाएं। एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वाहन में डीजे लगाकर नहीं निकलें और फूहड़ गानें न बजायें। एसएसपी ने कहा कि होली के दौरान सीसीटीवी से भी हुडदंगियों पर निगरानी रखी जाएगी।

********************

आज विश्व जल दिवस मनाया जा रहा है। स्वच्छ जल के महत्व को देखते हुए यह दिन हर वर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है। विश्व जल दिवस लोगों, संगठनों और सरकारों को पानी से संबंधित तत्काल चुनौतियों का सामना करने के लिए एक मंच पर लाता है। इस वर्ष जल दिवस का विषय समृद्धि और शांति के लिए जल है। इस मौके पर लोगों को स्वच्छ जल का महत्व और जल संकट से बचने के लिए शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न संगठनों की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

********************

संक्षिप्त खबरें

- चतरा जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों को एक्टिव मोड में कार्य करने और समय–समय पर कार्य की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा है कि जिन बीएलओ का कार्य सराहनीय होगा उन्हें सम्मानित भी किया जायेगा।
- टाटानगर रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन से उतरने के दौरान एक महिला अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे उसका पैर ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच में फंस गया। इस बीच वहां ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ महिला जवान ने महिला की जान बचायी।
- सरायकेला में मिलावटी मिठाई और मिलावटी खाद्य सामग्री पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह के नेतृत्व में छापामारी कर खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। लड्डू, जलेबी, चिली चिकन में मेटनिल येलो रंग की मिलावट पायी गयी जिसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया।
- जमशेदपुर में सामाजिक संस्था नमन 23 मार्च को एग्रीको मैदान से शहीद सम्मान सह अखंड तिरंगा यात्रा निकालेगी। तिरंगा यात्रा के पहले शहीद परिवारों एवं पूर्व सैनिकों का सम्मान किया जाएगा।

********समाप्त*******